मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 288, मुंबई, मंगलवार, 9 जनवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




# महाराष्ट्रः नहीं होगा पुणे लोकसभा उपचुनाव!




## बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर लगी 'सुप्रीम' रोक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पुणे।** पुणे लोकसभा उपचुनाव पर आखिरकार पूर्ण विराम लग गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें चुनाव आयोग को पुणे उपचुनाव तुरंत कराने का आदेश दिया गया था। चुनाव आयोग की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इसी महीने हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को पुणे लोकसभा उपचुनाव जल्द से जल्द कराने का आदेश दिया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्र में कोरोना 'बेलगाम'

## मुंबई में जेएन.1 के 19 मरीज, 24 घंटों में 61 नए केस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आखिरकार महाराष्ट्र के मुंबई में कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन.1 की एंट्री हो चुकी है। जी हाँ, बीते सोमवार को बीएमसी स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, सभी मरीजों में सौम्य लक्षण थे और सभी मरीज काफी हद तक स्वास्थ्य हो चुके हैं। फिलहाल राज्य में वायरस के नए सब वेरिएंट के पांव पसारने से प्रशासन की चिंता अब और भी बढ़ गई है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**




### राज्य अब 61 नए मरीज

संपूर्ण राज्य में बीते सोमवार को कोरोना के 61 नए मरीज की मिले हैं , इसमें सबसे ज्यादा मुंबई में 23, ठाणे महानगरपालिका में 11, नवी मुंबई में 9 और मीरा-भायंदर में 2 मामले मिले हैं। कल्याण-डोंबिवली में फिलहाल 1 मामला मिला है। फिलहाल अकेले महाराष्ट्र में कोरोना के 882 ऐक्टिव मरीज हैं, जिसमें से मुंबई में 165, ठाणे महानगरपालिका में 104, नवी मुंबई में 80 और शेष अन्य जिलों में मिले हैं। इस राज्य में कुल 41 लोग ही अस्पताल में भर्ती हैं, जिसमें 17 मरीजों का उपचार अकेले मुंबई में चल रहा है

## 'मनी लॉन्ड्रिंग' केस में शिवसेना यूबीटी विधायक रवींद्र वायकर के यहां छापा




### बीएमसी की जमीन पर बनाया लक्जरी होटल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र से मिली बड़ी खबर के अनुसार आज शिवसेना नेता और उद्धव ठाकरे के करीबी रवींद्र वायकर (से जुड़ी 7 जगहों पर ईडी ने छापा मारा है। दरअसल मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में बीएमसी की भूमि पर एक लक्जरी होटल के कथित निर्माण के संबंध में विधायक रवींद्र वायकर के यहां यह छापेमारी हुई है। गौरतलब है की बीते 3 नवंबर को भी विधायक रवींद्र वायकर के खिलाफ केस दर्ज किया था। उनके खिलाफ प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और बयान पहले ही हासिल कर लिए हैं, जो मुंबई पुलिस ईओडब्ल्यू को दिए गए थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# महाराष्ट्रः महिला की 'नकली नेतागिरी'

## खुद को विधायक बता लोगों को लगा रही थी चूना, अरेस्ट




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पास ठाणे पुलिस ने एक महिला जालसाज को अरेस्ट किया है। दो पीए लेकर चलने वाली यह महिला खुद को आम आदमी पार्टी का विधायक बता रही थी। यही नहीं, इस महिला पर पिस्टल का लाइसेंस दिलाने के नाम पर 5.20 लाख रुपये की ठगी का भी आरोप है। ठाणे पुलिस ने जरूरी पूछताछ के बाद महिला को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### तीनों आरोपियों की हुई पहचान

पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान वंदना संजय मिश्रा के रूप में हुई है। वहीं उसके सहायकों की पहचान अभिषेक सिंह वह फिरोज के रूप में हुई है। अब पुलिस यह पता करने की कोशिश कर रही है कि इस जालसाज महिला के पास विधायक का स्टीकर कहां से आया और यह कब से ठगी का धंधा कर रही है। पुलिस के मुताबिक इस महिला द्वारा पूर्व में अंजाम दिए गए वारदातों की भी पड़ताल कराई जा रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### हसीना की फीकी जीत



**चुनौती यह होती है कि समाज के लिए हानिकारक विचारों और राजनीतिक शक्तियों के खिलाफ जनमत बनाया जाए, जिससे उन्हें चुनाव में हराना संभव हो। येन-केन-प्रकारेण उन शक्तियों को राजनीतिक मुकाबले से बाहर करने की सोच सिरे से अलोकतांत्रिक है।**

हेडलाइन है कि बांग्लादेश में सत्ताधारी अवामी लीग फिर चुनाव जीत गई। पार्टी की नेता शेख हसीना वाजेद प्रधानमंत्री बनी रहेंगी। यह उनका लगातार चौथा कार्यकाल होगा। लेकिन सुर्खी के नीचे की सूचनाएं उनके लिए उतनी अनुकूल नहीं है। पहली बात तो यह कि वोटिंग प्रतिशत बेहद कम रहा। इस बार 42 फीसदी वोट पड़ने की खबर है, जबकि पांच साल पहले यानी 2018 के चुनाव में तकरीबन 80 प्रतिशत मतदान हुआ था। तब विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शुरूआत से चुनाव का बहिष्कार नहीं किया था, लेकिन बाद में चुनाव आयोजन में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए उसने अपने उम्मीदवार मैदान से हटा लिए थे। इस बार बीएनपी और उसकी 15 सहयोगी पार्टियों ने आरंभ से बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। इन दलों ने मतदान का बहिष्कार का आह्वान किया था। कहा जा सकता है कि इसका व्यापक असर हुआ। अवामी लीग के सामने कोई मजबूत पार्टी मैदान में नहीं थी, इसके बावजूद हसीना सरकार के कई प्रमुख मंत्री चुनाव हार गए हैं। इसके अलावा 300 सदस्यों वाली संसद में 50 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए। कई छोटी पार्टियों ने चुनाव में हिस्सा लिया था और वे लगभग 15 सीटें जीतने में कामयाब रही हैं। इसे सत्ताधारी पार्टी से मतदाताओं की नाराजगी के इजहार के रूप में देखा जाएगा। चुनाव नतीजों से साफ है कि विपक्ष के बायकॉट के बावजूद चुनाव में अवामी लीग को वैसी एकतरफा जीत नहीं मिली, जिसका अनुमान लगाया गया था। क्या इसे शेख हसीना की नैतिक साख के क्षरण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए? उससे भी बड़ा सवाल देश की राजनीतिक व्यवस्था की साख का है। यह तर्क खोखला है कि बीएनपी का गठबंधन कट्टरपंथी और सांप्रदायिक विचार रखता है, इसलिए उसे सत्ता से बाहर रखकर शेख हसीना ने प्रगतिशील विचारों की सेवा की है। चुनौती यह होती है कि समाज के लिए हानिकारक विचारों और राजनीतिक शक्तियों के खिलाफ व्यापक जनमत का निर्माण किया जाए, जिसके आधार पर उन्हें चुनाव में हराना संभव हो। इसलिए येन-केन-प्रकारेण उन शक्तियों को राजनीतिक मुकाबले से बाहर करने की सोच सिरे से अलोकतांत्रिक है।

# राहुल का ही चेहरा है भाजपा के आगे

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। यह उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा। इसे लेकर सवाल उठेगा कि जिस समय पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी उस समय राहुल एक नई यात्रा पर निकलेंगे। राहुल की यात्रा को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से ध्यान भटकाने साजिश करार दिया जाएगा। लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से भाजपा इस मसले पर चुप रही है। छोटे-छोटे नेताओं या प्रवक्ताओं ने इस पर बयान दिया लेकिन बड़े नेता चुप रहे है और आईटी सेल ने भी इसका मुद्दा नहीं बनाया। इसका मतलब है कि भाजपा अभी राममंदिर के आयोजन से ध्यान नहीं भटकाना चाहती है। उसे पता है कि अगर वह राहुल की यात्रा को लेकर हमला करेगी और इस मसले पर कांग्रेस से उलझेगी तो फोकस राममंदिर से राहुल की यात्रा पर शिफ्ट हो जाएगा। अभी भाजपा को सारे संसाधन और सारी ताकत अयोध्या के कार्यक्रम पर लगानी है। पहले 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और उसके बाद 25 जनवरी से देश भर में अयोध्या चलो का अभियान छेड़ा जाएगा। भाजपा देश भर के रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। इसके बीच राहुल की यात्रा की मीडिया कवरेज के लिए कांग्रेस को बहुत प्रयास करना होगा। अगर भाजपा यात्रा पर हमला करती है तो मजबूरी में मीडिया को उसे स्पेस देना होगा और फिर राहुल की यात्रा अपने आप खबरों में आएगी। इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल ने चुनावी साल में और भाजपा के सबसे बड़े आयोजन से ऐन पहले यात्रा का ऐलान करके भाजपा को कैच-22 सिचुएशन में डाल दिया है।



ध्यान रहे भाजपा के नेता सचमुच यह मानते रहे हैं कि राहुल गांधी जब तक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता रहेंगे और विपक्ष के सबसे मुख्य चेहरे के तौर पर चुनाव लड़ते रहेंगे तब तक भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई बहुत आसान रहेगी। अनेक पत्रकार और स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं और तंज करते हुए लिखते-बोलते रहे हैं कि भाजपा के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं। यह दावा किया जाता है कि वे जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां भाजपा जीतती है और उनकी बातों से भाजपा को फायदा होता है। मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचार के जरिए इस धारणा को बहुत मजबूती से स्थापित किया गया है। इसके लिए राहुल के फर्जी वीडियो और गढ़े गए बयानों आदि का इस्तेमाल किया गया। भाजपा ने राहुल को ह्यपप्पूह्न साबित करने पर अधिकतम समय, श्रम और साधन खर्च किया। भाजपा को निश्चित रूप से इसका फायदा मिला लेकिन जिस तरह से हर दवा की एक्सपायरी डेट होती है वैसे ही हर प्रचार या रणनीति की भी एक्सपायरी डेट होती है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को अब लगने लगा है कि राहुल के लिए जो रणनीति अपनाई गई थी उसका अधिकतम फायदा लिया जा चुका और अब उस रणनीति से राहुल से मुकाबला आसान नहीं होगा। तभी अब राहुल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान की दिशा बदल रही है।

एक समय था, जब राहुल से लड़ना बहुत आसान था क्योंकि ज्यादातर युवा और देश की बड़ी आबादी उनको गंभीरता से नहीं लेती थी। लेकिन धीरे धीरे स्थितियां बदलती गईं और भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल को गंभीरता से लिया जाने लगा। तभी पिछले एक साल में कई बार भाजपा नेताओं के ऐसे बयान सुनने को मिले कि राहुल गांधी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो देश में क्या हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई जगह अपने भाषणों में कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो तो देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। सोचें, जब राहुल गांधी के रहने से भाजपा को फायदा होता है, वे भाजपा के स्टार प्रचारक हैं, जहां भाषण देते हैं वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित करते है तो उनके होते कांग्रेस कैसे सकती है और वे कैसे प्रधानमंत्री बन सकते हैं? भाजपा के नेता अगर राहुल के प्रधानमंत्री बनने का भय जनता को दिखा रहे हैं तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भाजपा नेताओं के मन में राहुल को लेकर चिंता पैदा हो रही है। उनको लग रहा है कि राहुल चुनौती बन रहे हैं। भाजपा ने उनको गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मान लिया है।

यही कारण है कि राहुल पर अब गंभीर राजनीतिक हमले हो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा ने जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाया वह इस बात का संकेत है कि राहुल अब गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। उनके बारे में पहले यह प्रचारित किया गया कि तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद राहुल विदेश दौरे पर चले गए। हालांकि यह बात गलत साबित हुई। उसके बाद भाजपा ने संसद में पैदा हुए गतिरोध का ठीकरा राहुल के ऊपर फोड़ा। जबकि हकीकत यह है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगी थी। चार लोग संसद परिसर में घुस गए थे, जिनमें से दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा के अंदर कूद गए और सदन में धुआं फैला दिया। विपक्ष तो इस मसले पर सिर्फ केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहा था, लेकिन गृह मंत्री को सदन में बयान नहीं देना था। इस वजह से गतिरोध पैदा हुआ और 146 सांसद निलंबित किए गए। तब भाजपा और केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि संसद में राहुल के इशारे पर हंगामा हुआ है और गतिरोध पैदा हुआ है।

सोचें, भाजपा कह रही है कि राहुल के इशारे पर समूचा विपक्ष एकजुट हुआ और संसद नहीं चलने दी! संसद में घुसपैठ के मसले पर राहुल ने कहा कि संसद की घटना देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के कारण हुई है। इस पर भाजपा ने कहा कि राहुल संसद में हुई घटना का समर्थन कर रहे हैं। इसके बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी तो उसकी बजाय भाजपा ने इस बात का मुद्दा बनाया कि राहुल गांधी उनकी मिमिक्री की वीडियो बना रहे थे। इसे लेकर भाजपा ने देश भर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कल्याण बनर्जी की बजाय राहुल गांधी का पुतला जलाया।

जाहिर है कि एक गंभीर राजनीतिक मामले में भाजपा के निशाने पर विपक्ष के दूसरे नेता नहीं थे, बल्कि राहुल गांधी थे। यह राहुल गांधी की बढ़ती हैसियत का संकेत है। अब वे भारत न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। पूरब से पश्चिम की उनकी यह यात्रा उनकी छवि को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करेगी और उनके बारे में बन रही गंभीर राजनेता की धारणा को मजबूती देगी। लोकसभा चुनाव से पहले इससे कोई चमत्कार हो जाएगा इसका अंदाजा तो कांग्रेस को भी नहीं है लेकिन यह जरूर है कि राहुल को लेकर भाजपा की गंभीरता बढ़ेगी। विपक्षी पार्टियां राहुल को अपना नेता मानने को तैयार नहीं हैं लेकिन भाजपा उनको विपक्ष का नेता बना रही है। हो सकता है कि भाजपा को इसका फायदा हो लेकिन साथ ही राहुल गांधी को भी फायदा होगा। ध्यान रहे लोकतंत्र में नेता हमेशा सिर्फ अपने प्रयासों से नहीं बनते हैं कई बार विपक्ष के निरंतर हमलों से भी बनते हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुख्यमंत्री के आदेशों की मुंब्रा में झोलाछाप बिल्डरों द्वारा खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां



## मुंब्रा में बिल्डर ईशान गैर कानूनी तरीके से सुपर स्पीड में कर रहा है भवन निर्माण

**मुंबई हलचल/ जी ए खान**

**डायघर/शील।** मुंब्रा शहर के दक्षिण किनारे में स्थित तथा डायघर पुलिस सीमा में आने वाले क्षेत्र में बसा ग्रीन पार्क के पास ईशान नामी बिल्डर द्वारा गैर कानूनी तरीके से भवन निर्माण का काम सुपर स्पीड एवं धड़ल्ले से जारी है, सूत्रों द्वारा पता चला है कि यह शातिर बिल्डर राजस्थान का रहने वाला है एवं अनधिकृत बांधकाम में महारत रखता है। इस कारण इसे यह काम सौंपा गया है, चूँकि यह क्षेत्र मनपा हेड क्वार्टर से दूरी पर है इस कारण मामले में लिप्त मनपा के अधिकारियों को बहाना बनाने के लिए उपयुक्त शब्दों का सहयोग भी प्राप्त है, इन सभी बातों के प्रकाश में जनता यह जानना चाहता है कि इस अवैध इमारत पर मनपा का मनपसंद बुलडोजर कब चलेगा? अथवा यह मामला भी रिश्वत की रकम बोझ से दबकर मर जाएगा ? पाठकों को यह जानकारी दी जा रही है कि मनपा अधिकारियों के मिलीभगत से मुंब्रा क्षेत्र में अवैध इमारत का निर्माण अपनी गति से दिन रात चालु है।

## गुमशुदा की तलाश



**यह लड़का दिनांक 7/1/2024 को शाम से लापता है, इसकी दिमागी हालत थोड़ी कमजोर है आप सभी से विनंती है इस बच्चे को ढूढने में मदद करें।**

**नाम - सुमित ओमप्रकाश गुप्ता**

**उम्र - 14**

पता - शुक्ला कम्पाउंड न्यू लिंक रोड जोगेश्वरी (प) मुंबई-400102

**9987612744 - अनिल**

**8692870662 - ओमप्रकाश**

**9702451590 - जगदीश शर्मा**

जिस किसी को यह लड़का दिखे तो तुरंत कॉल करे

## महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन जारी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पटौदी/सुरेश कोहली।** क्षेत्र की इण्डेन गैस एजेंसी हेलीमंडी द्वारा मैनेजर विजयपाल यादव के नेतृत्व मे लगभग दस महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर दिए गए। बताया जा रहा है कि योजना का मुख्य उद्देश्य अशुद्ध ईंधन को छोड़कर स्वच्छ एलपीजी ईंधन को बढ़ावा देना है। मा.सुरेन्द्र चौहान ने कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा व सुरक्षित वातावरण बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को शुरू किया गया है। वितरण कार्यक्रम में रविंद्र कुमार स्वामी, अशोक कुमार, शमसेर सिंह, कविता रानी आदि मौजूद थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्रः नहीं होगा पुणे लोकसभा उपचुनाव!

इस आदेश को चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर आज सुनवाई हुई और सुप्रीम कोर्ट ने उपचुनाव कराने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। आम चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है, इसलिए उपचुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। इस संबंध में अगली सुनवाई सात सप्ताह में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि इस मामले की सुनवाई के दौरान उपचुनाव को लेकर कानून स्पष्ट किया जाएगा। पिछले साल 29 मार्च को बीजेपी सांसद गिरीश बापट के निधन के बाद से पुणे लोकसभा की सीट खाली है।

### महाराष्ट्र में कोरोना 'बेलगाम'

दरअसल जेएन.1 वेरिएंट के दिन-प्रतिदिन मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब तक राज्य में नए सब वेरिएंट से ग्रसित होने वालों की कुल संख्या 250 हो चुकी गई है। इसमें पुणे में सबसे ज्यादा 150, नागपुर में 30, मुंबई में 19, सोलापुर में 9, ठाणे में 7, सातारा में 7 और अन्य जिलों में शेष मामले मिले हैं। बीएमसी के अनुसार मुंबई में बीते दिसंबर महीने में जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए सैंपल में से 19 में अब नए स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। इसमें 11 पुरुष और 8 महिला हैं। सभी मरीजों को सौम्य लक्षण थे। फिलहाल ये सभी मरीज ठीक हो चुके हैं। इसमें अधिकतर केसेस प्राइवेट लैब द्वारा भेजे गए सैंपल में मिले हैं।

### 'मनी लॉन्ड्रिंग' केस में शिवसेना यूबीटी विधायक रवींद्र वायकर के यहां छापा

दरअसल, वायकर पर यह आरोप है कि उन्होंने बीएमसी खेल के मैदानों के लिए आरक्षित जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने की इजाजत हासिल की थी। ऐसा करके उन्होंने बीएमसी के साथ 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। इसी मामले में अन्य आरोपियों में उनकी पत्नी मनीषा वायकर, बिजनेस पार्टनर आसू नेहलानाई, राज लालचंदानी और प्रिथपाल बिंद्रा और आर्किटेक्ट अरुण दुबे भी शामिल हैं। हालांकि रवींद्र ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते रहे हैं और इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। जानकारी दें कि आज ही महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा चुनाव के सीटों के मुद्दे पर महाअघाड़ी की बैठक भी होने जा रही है। ऐसे में इसके पहले ही शिवसेना नेता और उद्धव ठाकरे के करीबी रवींद्र वायकर के यहां ईडी का छापा इन सीटों का समीकरण उद्धव ठाकरे गुट के लिए बिगाड़ सकता है। फिलहाल सबकी नजर इस बैठक पर है।

### महाराष्ट्रः महिला की 'नकली नेतागिरी'

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई ठाणे में अंबरनाथ के अयप्पा मंदिर के पास रहने वाले अनमोल सिंह की शिकायत पर की है। अंबरनाथ पुलिस के मुताबिक अनमोल सिंह ने बताया कि आरोपी महिला ने पिछले दिनों उनसे संपर्क किया था। खुद को आम आदमी पार्टी की विधायक बताते हुए इस महिला ने पिस्टल का लाइसेंस दिलाने का झांसा दिया और खर्चे के नाम पर उनसे 5.20 लाख रुपये ले लिए।

## मुस्लिम महासभा राजसमंद ने मनाया स्थापना दिवस

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**कांकरोली।** मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख मोहतरमा फरहीन यूनुस शैख, एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान खान,राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार की अनुशंसा पर राजसमन्द मुस्लिम महासभा टीम द्वारा कांकरोली पर स्थापना दिवस मिलाद ऐ मुस्तफा पढ़ कर मनाया गया। ब्लॉक उपाध्यक्ष सलमा खान ने मरहूम युनुस शेख साहब को याद किया और उनकी फिक्र मन्दी तालीम, तनजीम, तिजारत और तरक़्क़ी पर काम करने पर जोर दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष रेहाना खान एवम फातिमा सना, रुखसाना,फरीदा, नाजिया आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान खान साहब एवं प्रदेश प्रभारी जनाब मुस्तकीम मकरानी साहब,जाफर खान फौजदार साहब के नेतृत्व मे प्रदेश के सभी जिलों में संघटन का विस्तार करने का एहद लिया और राष्ट्रीय प्रमुख मोहतरमा फरहीन युनुस शैख साहिबा के हाथ मजबूत करने के लिये जीयादा से जीयादा महिलाओं को मुस्लिम महासभा से जोड़ने पर जोर दिया। इस दौरान देश मे अम्नो अमान की खुशहाली के लिए दुआएँ की गई एवम सलमा खान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।



पीएम हसीना ने भारत को बताया अच्छा और सच्चा दोस्त

# पीएम मोदी ने शेख हसीना को किया फोन, जीत पर दी बधाई



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शेख हसीना से फोन पर बातचीत की। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं। हम बांग्लादेश के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी शेख हसीना को जीत की बधाई दी।

### 1971 से हमारे संबंध

इससे पहले शेख हसीना ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में अपनी पार्टी आवामी लीग की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत को सच्चा दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा और सच्चा दोस्त है। उन्होंने 1971 और 1975 में हमारा समर्थन किया। हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। मैं वास्तव में इस बात की सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध हैं।

### 300 में से 223 सीटें जीतीं

बांग्लादेश की 300 सीटों वाली संसद में से कुल 299 सीटों के लिए चुनाव हुआ था। हसीना की पार्टी आवामी लीग ने 223 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण चुनाव नहीं हुआ। उस सीट पर बाद में उपचुनाव होगा। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल बीएनपी और उसके सहयोगियों ने आम चुनावों का बहिष्कार किया।

## चुनाव जीते क्रिकेटर हसन ने फैन को जड़ा थप्पड़



**ढाका।** बांग्लादेश के स्टार क्रिकेटर और कप्तान शाकिब अल हसन ने चुनावी मैदान में भी जीत का परचम लहरा दिया। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के तुरंत बाद ही उनका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी तेजी से वायरल हो रहा, जिसमें उन्होंने अपने एक फैन को चांटा रसीद कर दिया। हसन अपने चुनावी क्षेत्र में गए थे, जहां पर सैकड़ों की संख्या में उनके चाहने वालों ने चारों तरफ से घेर लिया।

एनआईए की कार्रवाई

# 5 लाख का इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज गिरफ्तार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस और एनआईए के सामने 5 लाख के इनामी मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज आलम ने कई बड़े सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उसे दिल्ली से एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसने कुबूल किया है कि पुणे-महाराष्ट्र मॉड्यूल के निशाने पर आरएसएस, वीएचपी और बीजेपी के नेता थे। इतना ही नहीं गुजरात और मुंबई में सीरियल ब्लास्ट कराने की साजिश रची गई थी। आईएसआईएस पूरे गुजरात को बम धमाकों से दहलाना चाहती थी।

**शाहनवाज ने की इंजीनियरिंग की पढ़ाई:** सूत्रों के मुताबिक, आतंकी शाहनवाज आलम महाराष्ट्र के नागपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है। उसके मोबाइल से पता चला है कि वो घर में ही आईडी बना रहा था। एनआईए को कई तस्वीरें उसके मोबाइल में मिली हैं।

सिंगापुर में मंत्री का छलका दर्द

# भारतीय मूल के कैबिनेट मंत्री के खिलाफ जांच चिंताजनक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



सिंगापुर के एक वरिष्ठ मंत्री ने भारतीय मूल के कैबिनेट सहयोगी के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच होना चिंताजनक बताया। इसका असर निर्वाचन क्षेत्र पर पड़ा है। बता दें, भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन को पिछले साल 11 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

### जुलाई में हुए गिरफ्तार

गौरतलब है, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो ने पिछले साल 11 जुलाई ईश्वरन को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ यह जांच पहले से ही किसी अन्य मामले से संबंधित है। हालांकि, ईश्वरन के खिलाफ जांच किस मामले में की जा रही है, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं सामने आई है। ईश्वरन को छुट्टी पर भेज दिया गया है और अगले आदेश तक उनका मासिक वेतन घटाकर 8,500 डॉलर कर दिया गया है।

वैभवी जोशी: 'कानू भाई द ग्रेट' के संदर्भ में बोलीं...

# सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म में भागीदार होने पर गर्व है

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'कानू भाई द ग्रेट' की एक्ट्रेस वैभवी जोशी ने फिल्म के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि इसका भूतपूर्व अनुभव और सच्ची कहानी पर आधारित होने के कारण, इसमें भाग लेने पर उन्हें गर्व है। उन्होंने बताया, मैं एक ज्वेलरी ब्रांड के लिए अहमदाबाद में शूटिंग कर रही थी जब मुझसे इस फिल्म के लिए प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुझे संक्षेप में कहानी की जानकारी दी और मैं तुरंत प्रभावित हो गई थी! यह काफी प्रेरणास्पद है और यह एक सच्ची कहानी पर आधारित भी है।


समग्र रूप से, मैं इस गुजराती फिल्म का हिस्सा होने के लिए सच्ची आभारी हूं और रोचक बात यह है कि गुजराती मेरी मातृभाषा भी है। इसलिए बातचीत और अन्य सब कुछ स्वाभाविक था। जब आप अपनी मातृभाषा में काम करते हैं, तो यह बहुत आसान हो जाता है! सेट में माहौल पूरी तरह से खूबसूरत था, यह एक पिकनिक की तरह था। उन्होंने जोड़ते हुए कहा। इसमें उनके आकर्षक भूमिका और सकारात्मक सोच के साथ, वैभवी जोशी ने फैंस को प्रेरित करने में योगदान किया है।

# अमेरिका में इंडियन कॉन्सुलेट का रोका रास्ता

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका दौरे पर गई एनआईए की टीम को चुनौती देते हुए, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के प्रतिबंधित एसएफजे ने सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्सुलेट का रास्ता रोक दिया है।

उसने एक झांकी का इस्तेमाल किया जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का चित्रण किया गया है। पन्नू ने कहा कि निज्जर की हत्या की साजिश रचकर हिंसा का चक्र शुरू करने वाले पीएम मोदी को 31 अक्टूबर, 1984 को नहीं भूलना चाहिए। सिखों ने हमेशा भारत को हिंसा का जवाब दिया है।



### विवाद की जड़ बना आतंकी खालिस्तानी निज्जर की हत्या

हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 को कनाडा के सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी थी। वह प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स का प्रमुख था और 2020 में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत भारत सरकार द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था. इस घटना के बाद से आतंकी पन्नू मामले को उठा रहा है।

# इजराइली हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर विसाम हसन की मौत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजराइल ने दक्षिण लेबनान पर हमले में हिजबुल्लाह समूह के एक शीर्ष कमांडर विसाम हसन ताविल को मार डाला। इज़राइली हमला लेबनान सीमा पर बढ़ते हमलों के बीच हुआ है।

इससे पहले हिज़्बुल्लाह ने उत्तरी इज़राइल में एक संवेदनशील हवाई यातायात अड्डे पर रॉकेट से हमला किया था। जो तीन महीनों में सबसे बड़े हमलों में से एक था। पिछले सप्ताह बेरूत में हमास के एक वरिष्ठ नेता की हत्या के बाद से जवाबी हमले तेज हो गए हैं।



चीन पहुंचते ही मालदीव के राष्ट्रपति की लगी क्लास

# ड्रैगन ने कहा- हम इंडिया और मालदीव का करते हैं सम्मान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चीन पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति को चीनी मीडिया का भी सामना करना पड़ा। उनके दौरे पर चीन के सरकारी अखबार ने एक संपादकीय में मालदीव के साथ भारत के राजनयिक विवाद का जिक्र किया गया है। इसके अलावा मीडिया में भारत को साउथ एशियाई मुद्दों पर 'खुले दिमाग' वाले नीति के साथ अमल करने की बात कही गई। मालूम हो कि देश के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के प्रति काफी झुकाव वाले नेता माने जाते हैं। चीनी मीडिया के लेख में कहा गया है कि वह (चीन) भारत मालदीव और चीन के बीच त्रिपक्षीय सहयोग करने का भी इच्छुक है।

### भारत संग विवाद पर चीनी मीडिया ने क्या कहा?




मुइज्जू चीन की यात्रा के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं। इसी दौरान चीनी सरकारी मीडिया में मालदीव के भारत संबंध के बारे लेख छपी है। मीडिया ने लिखा चीन मालदीव और भारत के बीच मैत्रीपूर्ण और सहयोगात्मक संबंधों का सम्मान करता है। वह नई दिल्ली के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए माले के महत्व को पूरी तरह से जानता है। बीजिंग ने कभी भी माले को चीन और भारत के बीच संघर्ष के कारण नई दिल्ली से संबंध खराब करने की कोई शर्त नहीं रखी और ना ही कभी सलाह दी। न ही वह मालदीव और भारत के बीच सहयोग को अपने लिए खतरे के रूप में देखता है।

## भारत से 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली का निर्यात बढ़ेगा

# तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनों का प्रस्ताव तैयार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत में आगामी 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इसके लिए तीन और अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइनें बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बीते शनिवार को चितवन में संपन्न नेपाल-भारत ऊर्जा सचिव स्तरीय 11वीं बैठक में इस पर प्रारंभिक सहमति बनी है। बैठक में भारत की तरफ से नेपाल में निजगढ़-मोतिहारी, अनारमनी-किसनगंज और लमही-लखनऊ पॉइंट पर 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन बनाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी है।



### संयुक्त सचिव संदीप को समन्वय की जिम्मेदारी

भारतीय दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि एक संयुक्त तकनीकी दल को इसका अध्ययन करने के लिए निर्देश दिया गया है। इस तकनीकी दल में भारत के ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव संदीप कुमार देव को समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के पावर ग्रिड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

### अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने भी सहमति

400 केवी की नई बुटवल-गोरखपुर ट्रांसमिशन लाइन का भी निर्माण होने जा रहा है। इसी तरह इनरवा-पूर्णिया में निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को 2027/28 में और न्यू लमकी-बरेली के निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन को सन 2028/29 में पूरा करने का लक्ष्य लेकर काम किए जाने की जानकारी दूतावास की तरफ से जारी बयान में है। इसके अलावा कुछ और अधिक अंतरदेशीय ट्रांसमिशन लाइन बनाने को लेकर अध्ययन करने पर भी सहमति बनी है।

### यहां हैं ट्रांसमिशन लाइनें


वर्तमान में नेपाल और भारत के बीच 132 केवी क्षमता की पांच ट्रांसमिशन लाइनें और 400 केवी क्षमता की ट्रांसमिशन लाइन है। ढल्केवर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के तहत 2000 मेगावाट की पांच लाइनों से 720 मेगावाट बिजली प्रसारित की जा सकती है। सतलुज जलविद्युत निगम ढल्केवर-सीतामढ़ी में 400 केवी क्षमता का ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कर रहा है।

## अमेरिका में पाक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के बाहर बलूचिस्तान प्रवासी सदस्यों ने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में से एक, बलूचिस्तान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, वहीद बलूच ने बताया कि वह लोग पिछले 75 सालों में बलूचिस्तान में हुए अत्याचारों के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## कानपुर कार्डियोलॉजी में सुविधाएं बढ़ाने में सफल डायरेक्टर राकेश वर्मा, खुलवाई कैंटीन

**कानपुर।** यहां के हृदय रोग संस्थान में मरीज के हित में तरह-तरह की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को उपलब्ध कराना सफलता पूर्वक जारी है, जिसके क्रम में नवीन कैंटीन का भी शुभारंभ हो गया है। अभी तक खाने-पीने की वस्तुओं के लिए हृदय रोगियों के तीमारदारों को बाहर जाकर भटकना पड़ता था लेकिन अब उन्हें ऐसा नहीं करना पड़ेगा। जरूरत का सारा सामान इसी नई शुरू की गई कैंटीन में उपलब्ध हो सकेगा। एल पी एस इंस्टीट्यूट आफ कार्डियोलॉजी संस्थान परिसर में इस नवीन कैंटीन का उदघाटन मरीजों के हित में ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक सुविधाएं और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने वाले निदेशक, डा राकेश कुमार वर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। जिस कार्डियोलॉजी में खोली गई इस नवीन कैंटीन का सीधा लाभ संस्थान में आए मरीजों एवं उनके तीमारदारों को प्राप्त होगा। उसे कार्डियोलॉजी में हृदय रोगियों के हित में उसके डायरेक्टर डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा का सेवा के प्रति समर्पण भाव ऐतिहासिक रूप से बहुत प्रशंसनीय, बहुत उल्लेखनीय, बहुत अतुलनीय और बहुत अनुकरणीय भी माना जाता है।



उत्तराखंड हलचल

# वेतन फर्जीवाड़ा: अब भुगतान का सच आएगा सामने

## कर्मचारियों की पासबुक से होगा मिलान

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के वेतन में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद नगर निगम अपनी गलतियों को सुधार रहा है। अब सूची में शामिल सफाई कर्मियों की पासबुक में वेतन भुगतान का मिलान किया जाएगा। साथ ही भौतिक सत्यापन में कार्यरत मिल रहे अब तक गुमनाम रहे कर्मचारियों के बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। अब कार्यरत कार्मिकों को बैंक खातों में ही वेतन भुगतान किया जाएगा। साथ ही पूर्व में किए जा रहे भुगतान की गड़बड़ियों का भी पता चल सकेगा। नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था के लिए प्रत्येक वार्ड में दो स्वच्छता समिति गठित की गई थीं। जिनकी




जिम्मेदारी क्षेत्रीय पार्षद के पास थी और संबंधित सुपरवाइजर की ओर से नियुक्त सफाई कर्मियों की सूची नगर निगम को उपलब्ध कराई जाती थी। मस्टरोल में दर्ज नामों के आधार पर नगर निगम की ओर से प्रत्येक वार्ड में आठ से 12 कर्मचारियों का वेतन स्वच्छता समिति को एकमुश्त दिया जाता रहा। अब बोर्ड भंग होने के बाद सफाई कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें पाया गया कि वर्षों से निगम को दशाएं गए कई कर्मचारी मौके पर मौजूद ही नहीं हैं। ज्यादातर वार्ड में आधे से अधिक कर्मचारी नदारद पाए गए। जबकि, कई वार्ड में रिकार्ड से इतर अन्य कर्मचारी कार्य करते मिले। अब नगर निगम की ओर से पूर्व में उपलब्ध कराए गए नामों की सूची की पड़ताल की जा रही है। सभी दर्ज कर्मचारियों की पासबुक व खाते की जानकारी जुटाई जा रही है। जिससे पूर्व में किए गए भुगतान का पता चल सके। वहीं, मौके पर मिल रहे कर्मचारियों के भी बैंक खातों की जानकारी ली जा रही है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अविनाश खन्ना ने बताया कि अब से जो भी कर्मचारी मौके पर कार्य करेगा, उसका वेतन खाते में ही दिया जाएगा। इसके लिए बैंक खातों की जानकारी वित्त अनुभाग को उपलब्ध करा दी जाएगी।

# जियो टेक्निकल के साथ ड्रोन से भी किया जा रहा जोशीमठ का सर्वे

**चमोली।** उत्तराखंड में आपदा प्रभावित जोशीमठ में रास्ते समेत अन्य निर्माण कार्यों के लिए जियो टेक्निकल भूगर्भीय सर्वे के साथ ड्रोन से भी सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे के माध्यम से खेत, जंगल, नालों व पैदल रास्तों की मैपिंग की जा रही है, ताकि जोशीमठ के उपचार की योजना बनाते समय शहर के हर कोने की वीडियो मैपिंग विभाग के पास उपलब्ध रहे। आपदा प्रभावित जोशीमठ में छह स्थानों पर जियो टेक्निकल भूगर्भीय सर्वे चल रहा है। इसके तहत 80 मीटर तक खोदाई के बाद पत्थर व मिट्टी का अवलोकन किया जा रहा है। इसी क्रम में अब नगर में ड्रोन से भी सर्वे किया जा रहा है। दरअसल, भूंधसाव के बाद जोशीमठ के पुनर्निर्माण को कार्ययोजना बनाने के लिए यह मैपिंग महत्वपूर्ण होगी। इससे चट्टान, घर, पैदल रास्ते, खेत, जंगल आदि का रिकार्ड तैयार किया जाएगा। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि ड्रोन सर्वे मैपिंग के बाद इसकी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। इसी आधार पर पुनर्निर्माण कार्यों की योजना तैयार होगी।

# अपनों ने हराया चुनाव गैरों में कहां था दम: चैंपियन

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** सोमवार कों प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बीजेपी नेता व पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन विधानसभा चुनाव में हार का ठीकरा अपनी ही पार्टी के पदाधिकारी पर फोड़ दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान चैंपियन ने कहा कि 2021 विधानसभा चुनाव में बीजेपी के ही कुछ पदाधिकारीयों ने उनके खिलाफ षडयंत्र कर चुनाव हाराने का काम किया था। उन्होंने कहा कि खानपुर विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने चौहमुखी विकास किया था। लेकिन पार्टी के भीतर मौजूद कुछ पधाधिकारियों ने उन्हें षड्यंत्र कर चुनाव में भारी नुकसान पहुंचाया जिस वजह से वो चुनाव हार गए। हालांकि पत्रकार वार्ता में उन्होंने किसी का नाम लेने से परहेज किया। वहीं आपको बता दे की रविवार को चैंपियन ने मसूरी पत्रकार वार्ता मे उन्होंने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक पर निशाना साधते हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भीतरघात करने के आरोप लगाए थे।



अब एक बार फिर उन्होंने देहरादून में इसी आरोप को दोहराया है। आपको बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में हरिद्वार के खानपुर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक का टिकट काटकर उनकी पत्नी को बीजेपी ने टिकट दिया था। प्रणव सिंह की पत्नी निर्दलीय प्रत्याशी से चुनाव हार गई थीं। हालांकि पार्टी में अनुशासन को लेकर उनसे सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि अनुशासन को लेकर उनके पास अक्सर पत्र आते रहते हैं जिनका जवाब उनके पास हमेंशा तैयार रहता है।

**उत्तराखंड नहीं उत्तरप्रदेश से लड़ेंगे सांसद का चुनाव : चैंपियन**

प्रेस वार्ता के दौरान कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन विधानसभा चुनाव हारने के बाद अब उत्तराखंड छोड़ उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना हैं की वो उत्तरप्रदेश के मेरठ, अमरोहा या बिजनौर और सहारनपुर से संसदीय का चुनाव लड़ना चाहते हैं जिसको लेकर उन्होंने पार्टी हाई कमान सामने भी अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। पार्टी जहां से उनको टिकट देगी वह उस सीट से मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ने के कयासों को नकारते हुए चैंपियन ने कहा है क्यूंकि हरिद्वार लोकसभा सीट पर तो दो बार के सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक है। इसलिए उनकी जगह वह लोकसभा चुनाव मे पार्टी से टिकट की मांग नहीं करेंगे।

# ऋषिकेश चीला मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो रेंजरों समेत 4 की मौत



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश चीला रोड पर चीला पावर हाउस के समीप एक बड़ी दुर्घटना हो गई है, उत्तराखंड वन विभाग की एक गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है जिसमें सवार लोगों में से चार लोगों की मौके पर मौत हो गई है, बाकी दो लोगों की तलाश शक्ति नहर में की जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार फॉरेस्ट की गाड़ी का टायर निकले संतुलन बिगड़ने पर एक बड़ा एक्सीडेंट हो गया जिसमें सवार लोगों की मौत हो गई , गोरतलब है कि ट्रायल के लिए लाया गया था इलेक्ट्रिक व्हेकिल गाड़ी में सवार दो रेंज अफसरों की मौत और एक महिला रेंज अफसर लापता जिसकी खोजबीन जारी है, चार घायल वन कर्मियों को एम्स ले लाया गया है, अंधेरा होने के चलते रेस्क्यू कार्य रोका गया है। वही दुर्घटना के घायलों को एम्स के ट्रॉमा इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। घायलों में से चार लोगों ने ट्रॉमा इमरजेंसी पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। जबकि इलाज हेतु भर्ती किये गए कुल 5 घायलों में से दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। चीला मार्ग पर हुई दुर्घटना के घायलों को एम्स के ट्रॉमा विभाग में भर्ती किया गया है। जानकारी देते हुए एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि एम्स में कुल नौ लोगों को पहुंचाया गया था जिनमें से अस्पताल पंहुचने से पहले ही 4 लोग ब्राउट डेड पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा इमरजेंसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में शैलेश उम्र 42 वर्ष, प्रमोद उम्र 43 वर्ष, सैफ अली उम्र 25 वर्ष और कुलराज उम्र 35 साल (सभी चीला रेंज से सम्बंधित ) शामिल हैं। जबकि घायलों में अमित सेमवाल 41 वर्ष, अश्विन बीजू उम्र 24 वर्ष, अंकुश उम्र 40 वर्ष, राकेश नौटियाल उम्र 50 वर्ष और हिमांशु उम्र 36 वर्ष शामिल है। घायलों में से अमित सेमवाल और अश्विन बीजू की हालत नाजुक बनी हुई है। वन विभाग के वाहन में कुल 10 लोग बैठे हुए थे जिनमें से 04 की मृत्यु हो गई है, 05 घायल हैं तथा अन्य 01 गायब है।

# अगले 2 महीने तक देहरादून का यह मुख्य मार्ग रहेगा डाइवर्ट, बढ़ सकता है ट्रैफिक का दबाव



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत अग्रवाल धर्मशाला से लेकर भण्डारी बाग तक लगभग 1.5 किमी की परीधी में देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा ड्रैनेज तथा सीवर लाईन बिछाये जाने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित रहेगी तथा यातायात का दबाव बन सकता है। उक्त कार्य मुख्य मार्ग पर प्रारम्भ होने पर प्रिन्स चौक से सहारनपुर चौक की ओर जाने वाले वाहनों को सहारनपुर चौक से पहले शमशान घाट वाली गली की ओर डायवर्ट किया जायेगा उक्त कार्य लगभग 02 माह तक किया जायेगा, जिस हेतु वाहन चालकों के अनुरोध है कि उक्त मार्ग का प्रयोग न करते हुए अन्य लिंक मार्गो का प्रयोग कर जनपद पुलिस को अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# चिंगारी शक्ति फाउंडेशन, कैलेंडर लांच इवेंट का तीसरा संस्करण के कार्यक्रम का आयोजन







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चिंगारी शक्ति फाउंडेशन के कैलेंडर लॉन्च इवेंट का तीसरा संस्करण 3 जनवरी, 2024 को ओपा, साकीनाका, अंधेरी ईस्ट में आयोजित किया गया। राजदूत सिया राजगढ़िया के साथ संस्थापक और सीईओ पिंकी राजगढ़िया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सशक्तीकरण के मुद्दे पर मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। 'चिंगारी की शक्ति' थीम के तहत महिलाएं। सामाजिक हित के लिए चिंगारी की शक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले मॉडल में शामिल हैं:

1. प्रियंका रॉय, 2. प्रेरणा पूनिया, 3. डॉ. सीमा नेगी, 4. मीना सिंह, 5. सोनल दवे, 6. दीपाली पुलेकर, 7. मेशेल कार्डोजा, 8. सुरभि दण्ड, 9. स्नेहा मीना सिंह, 10. विहान कार्डोजा

उत्कृष्टता को स्वीकार करते हुए, अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट व्यक्तियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए:

1. रिया - वर्ष की सर्वश्रेष्ठ चित्रकार, 2. डॉ. सुनीता शर्मा - वर्ष की सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद, 3. वेरिंदर कौर उप्पल - वर्ष की सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर डिजाइनर, 4. शमीम धमस्कर - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड मेकअप और हेयर स्टाइलिस्ट, 5. रविशंकर उपाध्याय - वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर।

लायंस क्लब ऑफ मुंबई कॉरपोरेट और रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे महाकाली हाइट्स को उनके बहुमूल्य समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नयनतारा के खिलाफ एफआईआर

साउथ एक्ट्रेस नयनतारा की आने वाली फिल्म 'अन्नपूणार्नी' के मेकर्स पर खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने फिल्म के निमार्ताओं के खिलाफ ऋक्रफदर्ज की है। मेकर्स पर भगवान राम का अपमान करने का भी आरोप लगाया है। बता दें, पूर्व शिवसेना नेता रमेश सोलंकी ने 6 जनवरी को अपने  पर एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट को साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि मैंने #AntiHinduZee #AntiHinduNetflix के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आगे लिखा कि आज हर कोई भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रत्याशा में खुशी मना रहा है। ऐसे में हिंदू विरोधी फिल्म अन्नपूणार्नी नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई, जिसे जी स्टूडियोज, नाद स्टूडियोज और ट्राइडेंट आर्ट्स ने बनाया है।




# तनुश्री दत्ता ने 18 साल बाद किया बड़ा खुलासा



बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में मीडिया से बात की है और आशकि बनाया आपने के किसिंग सीन पर कई बड़े खुलासे किये हैं। उन्होंने इमरान हाशमी संग किसिंग सीन का जिक्र कर बताया कि न तो एक्टर कम्फर्टेबल किसर हैं और न ही वह हैं। एक्ट्रेस ने इमारन के साथ तीन फिल्में की है। तनुश्री दत्ता और इमरान हाशमी ने मिलकर तीन फिल्मों में काम किया है। उनका किसिंग सीन, जो 'आशिक बनाया आपने' में है, वह बॉलीवुड में सबसे प्रसिद्ध सीनों में से एक माना जाता है। हाल ही में, तनुश्री ने इमरान के साथ इस किसिंग सीन पर इसे 'अजीब' बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑफ-स्क्रीन पर, उनके बीच कोई केमिस्ट्री नहीं है एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए इमरान हमेशा पहले दिन से ही एक्टर रहे हैं। मैंने उनके साथ तीन फिल्में कीं। हमने चॉकलेट में भी एक किसिंग सीन शूट किया था, लेकिन उन्होंने मूवी में इसे नहीं रखा। पहली बार यह बहुत अजीब था। दूसरी बार, थोड़ा कम अजीब लगा। क्योंकि व्यक्तिगत रूप से, वास्तविक जीवन में, हमारे बीच एक-दूसरे के साथ कोई तालमेल नहीं है। उनकी किसर-बॉय वाली छवि तो है, लेकिन वह सबसे सहज किसर नहीं हैं। और न ही मैं हूं।'

# दीपिका-ऋतिक के बीच नैन मटक्का





नए साल की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में बॉलीवुड भी नए साल में फिल्मों को लेकर तैयार है। इसी लिस्ट में सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'फाइटर' का नाम शामिल है, जो 25 जनवरी को रिलीज होगी। वहीं, कुछ देर पहले इस मूवी का नया गाना हीर आसमानी रिलीज हुआ है। ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी उत्साह है। ऋतिक और दीपिका पादुकोण की जोड़ी को लोग पसंद कर रहे हैं। लोग इस फिल्म को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में दोनों के नैन मटक्के से लेकर केमिस्ट्री तक के चर्चे खूब हैं। हाल ही में फिल्म का नया गाना 'हीर आसमानी' रिलीज कर दिया गया है। गाने में फिल्म की लगभग पूरी स्टारकास्ट को दिखाया गया है। गाने में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण का प्यार परवान चढ़ता दिखाई दे रहा है। दोनों के बीच साइलेंट रोमांस फैंस को खूब पसंद आ रहा है। गाने की शुरूआत में ही ऋतिक रोशन की दमदार फिजीक दिखाई गई है। जिसके बाद एयरफोर्स के पायलटों की दोस्ती, उनके बुलंद हौसले, उड़ान भरने की तैयारी और एक दूसरे से प्यार को दिखाया गया है।